भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 88

जिसका उत्तर 29.01.2026 को दिया जाना है

त्रिची बाईपास

88. श्री दुरई वाइको:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले के पंजप्पुर में 3 किलोमीटर के एलिवेटेड कॉरिडोर सहित 4-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड त्रिची बाईपास के निर्माण को मंजूरी दी है/प्रस्तावित किया है;

(ख) यदि हां, तो भूमि अधिग्रहण, निविदा प्रक्रिया और वित्तीय मंजूरी सहित परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) उक्त परियोजना की कुल अवधि, अनुमानित लागत और कार्यान्वयन विधि क्या है;

(घ) परियोजना के आरंभ और समापन के लिए निर्धारित समय-सीमा क्या है; और

(ङ) प्रमुख परिवहन और संभार तंत्र केंद्र के रूप में पंजप्पुर के रणनीतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए, कार्यान्वयन के दौरान यातायात जाम और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) तिरुचिरापल्ली जिले के पंजप्पुर में प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर सहित 4- लेन त्रिची बाइपास के निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए परामर्शी सेवाएं सौंप दी गई हैं।

परियोजना की स्वीकृति डीपीआर के परिणाम, यातायात सघनता और पीएम-गति-शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के सिद्धांतों के साथ तालमेल पर आधारित है और तमिलनाडु सरकार विकास योजना में बाईपास को शामिल करेगी और शहरी भीड़भाड़ को कम करने की नीति के अनुसार अन्य शर्तों का अनुपालन किया जाएगा।

(ङ) निर्माण के दौरान यातायात प्रबंधन योजना को परियोजना प्रस्ताव में शामिल किया जाएगा।

*****